सिलवासा नगरपालिका ने पहली बार ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली की विकसित

■ नगरपालिका अध्यक्ष राकेशसिंह चौहान, उपाध्यक्ष अजय देसाई एवं नगरपालिका मुख्य अधिकारी मोहित मिश्रा ने संयुक्त रूप से शिकायत प्रबंधन प्रणाली का किया शुभारंभ ■ 477 से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के साथ नगरपालिका का हुआ करार

सिलवासा 29 नवंबर। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली की एक मात्र नगरपालिका सिलवासा नगरपालिका को भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा स्मार्ट सिटी में शामिल किए जाने के बाद नगरपालिका को स्मार्ट नगरपालिका बनाने की दिशा में स्थानीय अधिकारियों द्वारा प्रयास किया जा रहा है, जिसमें आज नगरपालिका ने एक नया आयाम स्थापित किया। नगरपालिका के मुख्य अधिकारी मोहित मिश्रा के प्रयासों से आज नगरपालिका में अपनी शिकायत दर्ज करने वालों के लिए नगरपालिका ने आगे बढ़कर उन्हें एक नया प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है और यह प्लेटफॉर्म ऑनलाइन है। अभी तक लोगों को अपनी शिकायतें नगरपालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों तक लिखित अथवा मौखिक रूप से पहुंचाई जाती थी। लेकिन डिजिटल होते दुनिया में ऑनलाइन शिकायत करने का कोई गेटवे नहीं था, नगरपालिका ने नए गेटवे को शुरू करते हुए सिलवासा नगरपालिका ने उन शिकायतकर्ताओं को नया प्लेटफार्म उपलब्ध कराया है जो ऑनलाइन अपनी शिकायतें अथवा अपना काम करने के आदि हो चुके है। इसका उद्घाटन करते हुए आज टाउन हॉल में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नगरपालिका के मुख्य अधिकारी मोहित मिश्रा ने कहा कि कोई भी सिलवासा नगरपालिका का नागरिक गूगल क्रोम में जाकर सिर्फ smcdnh.in टाइप करेगा और उसे तुरंत ऑनलाइन एक फार्म प्राप्त होगा। जिसमें अपनी जानकारी भरते ही उसके मोबाइल पर एसएमएस जाएगा और यह जानकारी वह हिंदी अथवा गुजराती अथवा इंग्लिश में भी भर सकता है, जैसे ही वह शिकायत करेगा उसे 7 दिन के अंदर अगर जवाब नहीं मिलता है तो सिस्टम खुद ही उसे बड़े अधिकारियों के ऊपर फारवर्ड कर देगा। अगर और 7 दिन के अंदर काम नहीं हुआ तो उससे बड़े अधिकारी के ऊपर यह शिकायत पहुंच जाएगी जिससे कि काम नहीं करने वाले अथवा शिकायत का निस्तारण नहीं करने वाले अधिकारी के खिलाफ उच्च अधिकारी स्वत संज्ञान ले लेंगे। सभी शिकायतों की जानकारी कितनी शिकायतों का निस्तारण किया गया है और कितनी शिकायतें पेंडिंग है इसकी जानकारी भी इसी पोर्टल से हासिल किया जा सकता है।

(समाचार का शेष पेज 2 पर)